आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 21.10.2024 समय : 09:00 ए.एम.

0000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में भारतीय सदी के बारे में विश्व सम्मेलन–2024 को करेंगे संबोधित।
- विधानसभा उप चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस को–ऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक आज–उम्मीदवारों के नाम पर होगी चर्चा।
- पुलिस शहीद दिवस पर आज राज्यभर में हो रहे है विभिन्न कार्यक्रम–शहीद पुलिस जवानों को दी जा रही है श्रद्धाजंलि।
- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मौसम में अचानक बदलाव–कई जिलों में बादल छाने के साथ हुई बूंदाबांदी।

0000

प्रधामनंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में भारतीय सदी के बारे में एक निजी टीवी चैनल के विश्व् सम्म्लन–2024 को संबोधित करेंगे। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वे इस सम्मेलन को संबोधित करने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की विकास यात्रा ने निश्चित रूप से विश्व का ध्यान आकर्षित किया है और युवा शक्ति देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है। श्री मोदी के संबोधन में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और 2030–31 तक देश को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को भी शामिल किए जाने की संभावना है। सम्मेलन में अन्य नेताओं के अलावा भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग टोबगे, बारबाडोस के प्रधानमंत्री मिया मोटली और ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री डेविड कैमरन भी अपने विचार रखेंगे।

0000

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज नई दिल्लीं में शहरी भूमि दस्तावेज के सर्वेक्षण–पुनःसर्वेक्षण में आधुनिक प्रौद्योगिकी के उपयोग पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। दो दिन की इस कार्यशाला का उद्देश्य केन्द्र सरकार के मंत्रालयों और विभागों, राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के राजस्व और शहरी विकास सचिवों, अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों और प्रौद्योगिकी प्रदाताओं सहित इससे संबंधित हितधारकों को एक साथ लाना है। कार्यशाला में मानकीकरण की कमी, डाटा सुरक्षा और हितधारकों के लिए क्षमता निर्माण से जुड़ी चुनौतियों पर भी चर्चा होगी।

0000

क्षेत्रीय संपर्क योजना – उडे देश का आम नागरिक–आर. सी. एस. उडान को शुरू हुए आज आठ साल पूरे हो गये हैं। नागर विमानन मंत्रालय ने 21 अक्टूबर 2016 को इस योजना का शुभारंभ किया था। उडान योजना देश के ऐसे क्षेत्रों में यात्रा सुधार पर केंद्रित है जहां हवाई यातायात संचालित नहीं हो रहा था। इसका लक्ष्य आम नागरिकों की आकांक्षाओं की पूर्ति करना है।

0000

प्रदेश में सात विधानसभा सीटों पर होने वाले उप चुनाव को लेकर सभी प्रमुख राजनीतिक दल अपने–अपने प्रत्याशियों के चयन को लेकर मंथन में जुटे है। इस सिलसिले में आज प्रदेश कांग्रेस कोऑर्डिनेशन कमिटी की बैठक होगी। पार्टी के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा की अध्यक्षता में उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा होगी। बैठक में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के प्रभारी सचिन पायलट, भंवर जितेंद्र सिंह, डॉ सीपी जोशी सहित राजस्थान के तीनों सह प्रभारी मौजूद रहेंगे। उम्मीदवारों के नाम, चर्चा के बाद पार्टी आलाकमान को भेजे जायेंगे। इधर भारतीय जनता पार्टी 6 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर चुकी है। चौरासी विधानसभा सीट पर उम्मीदवारी की घोषणा करना बाकी है। इस बीच उपचुनाव के मद्देनजर निर्वाचन विभाग और पुलिस प्रशासन सतर्क है। दौसा में पुलिस ने शराब से भरा कंटेनर को जब्त किया है। यह कंटेनर दिल्ली से आ रहा था। इसी दौरान भांडारेज इंटरचेंज के पास लगाए गए नाके पर जांच के दौरान यह शराब जब्त की गई। कंटेनर में 219 पेटियां थी जिनका बाजार भाव करीब 23 लाख रुपए बताया जा रहा है।

0000

राइजिंग राजस्थान 2024 को सफल बनाने के उद्देश्य से जर्मनी और यूके की यात्रा से लौटने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जनता से किये गये वादों को पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रदेश में निवेश के लिए अब तक 15 लाख करोड़ रूपए से अधिक के एमओयू साइन किये है। उन्होंने कहा कि जर्मनी, जापान, ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात और सिंगापुर की बड़ी बड़ी कंपनियां राजस्थान में निवेश के लिए रूचि दिखा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य राज्य की अर्थ व्यवस्था को 180 बिलियन डॉलर से 350 बिलियन डॉलर करना है।

0000

आज पुलिस शहीद दिवस है। इस अवसर पर जयपुर में राजस्थान पुलिस अकादमी में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक यू आर साहू सहित अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मियों ने कार्यक्रम में शहीद पुलिस कर्मियों को श्रद्धाजंलि दी। इस अवसर पर श्री साहू ने कार्यक्रम को संबोधित भी किया। जयपुर के त्रिमूर्ति सर्किल पर भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम रख गया है, जिसमें पुलिस महानिदेशक पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को नमन करेंगे। पुलिस शहीद दिवस पर राज्यभर में शहीदों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। जिला मुख्यालयों पर राजस्थान पुलिस की सभी शाखाएं और यूनिट्स इन कार्यक्रमों में शामिल हो रहे है। बालोतरा में जिला स्तरीय कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कई पूर्व पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों को सम्मानित भी किया गया। गौरतलब है कि 1959 में आज ही के दिन लद्दाख के दुर्गम क्षेत्र में भारतीय पुलिस के जवानों ने मातृभूमि की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। इन अमर जवानों की शहादत को याद करने और उनसे प्रेरणा लेने के लिए पूरे देश में हर पुलिस संगठन और संस्थान में हर साल 21 अक्टूबर को पुलिस शहीद दिवस मनाया जाता है।

0000

जैसलमेर में स्वास्थ्य मंत्रालय, यूनिसेफ और डब्लूएचओ के एक निरीक्षण दल ने विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। दल ने डिप्थीरिया, टीटनेस, एक्यूट फ्लड पैरालिसिस (एएफ़पी), मीजल्स रूबेला एलिमिनेशन प्रोग्राम और नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की विस्तार से समीक्षा भी की।

0000

श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया आज नई दिल्ली में ई–श्रम पोर्टल का शुभारंभ करेंगे। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को इसके जरिये एक ही जगह सभी सुविधाएं मिलेंगी। यह मंच एक मध्यस्थ की भूमिका निभाएगा और यह सुनिश्चित करेगा कि विभिन्न सरकारी योजनाओं तक असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की पहुंच आसान हो।

0000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर मौसम में अचानक बदलाव आया है। पिछले 24 घंटों में कई जिलों में बादल छाए रहे। कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हुई। करौली, कोटा और जैसलमेर के रामदेवरा में हल्की बारिश हुई। जयपुर में सुबह से बादल छाये हुए है। जयपुर ग्रामीण जिले में अल सुबह सें ही कई स्थानों पर अच्छी बारिश हुई। इस बीच सुबह शाम गुलाबी ठण्ड का असर बरकरार है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से आगामी 24 घंटों कई जगह बादल छाने और बूंदाबांदी की संभावना है।

0000

कृषि विभाग में 241 पदों पर भर्ती के लिए अभ्यर्थी आज से आवेदन कर सकेंगे। यह आवेदन 19 नवंबर तक ऑनलाइन किये जा सकेंगे। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने पिछले दिनों कृषि विभाग में अलग–अलग 14 श्रेणियों के कुल 241 पदों के लिए विज्ञापन जारी किया था।

0000

राजस्थान के लाखन सिंह ने पणजी में राष्ट्रीय पैरा–तैराकी चैंपियनशिप में पुरुषों की एस4 100 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया है। इस स्पर्धा में ओडिशा के कमलकांत और हरियाणा के बलराज ने रजत और कांस्य पदक जीता।

0000

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने इस साल अगस्त में 9 लाख 30 हजार नये सदस्य पंजीकृत किए हैं। इनमें 2 लाख 53 हजार महिलाएं हैं। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा है कि संगठन ने इस महीने कुल मिलाकर 18 लाख 53 हजार सदस्यों का पंजीकरण किया है। मंत्रालय ने कहा है कि नई सदस्यता में वृद्धि का श्रेय रोजगार के बढ़ते अवसर, कर्मचारियों को मिलने वाले लाभों के बारे में बढ़ती जागरूकता और संगठन के सफल आउटरीच कार्यक्रमों को दिया जा सकता है।

0000